हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 16 जुलाई 2026 कैथल

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 30 .0 डिग्री से.

10 पीएम मोदी की रेल बिना बिजली और तेल चलेगी



10 पोस्टर मेकिंग में संजना और ई टैस्ट में सिमरन अव्वल



## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों रुपये कीमत के आभूषण चोरी

**जींद।** जुलाना में मकान से लाखों रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवरात चोरी होने पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बरवाला आईटीआई में अध्यापिका के पद पर डयूटीरत है। उसने अपने सोने व चांदी के जेवरात मायके में मां के पास रखे हुए थे। पिता के बीमार होने के कारण उसकी मां सोनीपत हस्पताल मे चली गई।

### कार सवार ने बातों में उलझा कर अंगूठी ठगी

**जींद।** जुलाना स्टेडियम के निकट कार सवार व्यक्ति ने बाइक सवार को बातों में उलझा कर सोने की अंगूठी निकाल ली और फरार हो गया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शादीपुर निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह स्टेडियम से घूम कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। स्टेडियम हाईवे पूल के निकट कार सवार व्यक्ति ने उसे रोक लिया था।

### 2. 208 किलो ग्राम चूरा पोस्त सहित आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल-टू द्वारा एक आरोपी को 2 किलो 208 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल-टू प्रभारी पीएसआई सनेश कुमार की टीम दोपहर के समय आईटीआई कैथल क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि दशमेश कॉलोनी कैथल निवासी हरजिंद्र सिंह जो ट्रांसपोर्ट नगर कैथल में वेल्डिंग की दुकान की आड में नशीला पदार्थ चुरा पोस्त बेचने का धंधा करता है।

### मारपीट के मामले में 8 के खिलाफ मामला दर्ज

**राजौंद।** राजौंद के मुख्य बाजार में 2 महीने पहले हुई मारपीट मामले में सीएम विंडो पर की शिकायत और डीएसपी स्तर की जांच के बाद पुलिस ने 8 के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि घटना के बावजूद पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी केस दर्ज नहीं किया था। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-10, गढ़ी पट्टी राजौंद निवासी सुखबीर ने बताया कि 14 मई की शाम राजौंद के मुख्य बाजार में शक्ति,भतीजे प्रिंस पर अरुण निवासी बिघाना व साथियों ने हमला कर दिया।

### मारपीट में एक घायल चार के खिलाफ केस

**राजौंद।** राजौंद में सैर करने निकले एक युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के जबड़े की हड्डी टूट गई। राजौंद थाना पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में राजौंद निवासी नवीन ने बताया कि 5 जुलाई की रात करीब साढ़े 8 बजे उसका भाई प्रिंस खाना खाने के बाद सैर करने निकला था। रास्ते में गांव के ही गोविंदा, शिवा, राकेश और साजन ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

### रोहतक रोड पर शोरूम और दुकान में चोरी

**जींद।** रात को चोरो ने रोहतक रोड पर होंडा शोरूम सहित कई दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शोरूम के साथ एक चोरी की घटना सीएचसी सेंटर पर घटी है। वही दवाईयों की एक दुकान पर भी चोरी की वारदात की गई है। सूचना मिलने पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रवक्ता राजकुमार गोयल साथियों सहित मौके पर पहुंचे और उन्होने रोहतक रोड चौकी इंचार्ज अमित खरब से बातचीत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर पुख्ता कदम उठाए जा रहे

# पुरानी सब्जी मंडी से रेलवे जंक्शन तक कल पूरी तरह बंद रहेगी सड़क

### पुलिस ने रूट डायवर्ट किया, एसपी ने जारी की गाइडलाइन, कैथल रोड बाइपास से लेकर वीटा प्लांट तक भी बंद रहेगा पूरा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के 17 जुलाई के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर लगातार सुरक्षा को लेकर पुख्ता कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं कदमों के तहत पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन का रूट चार्ट जारी कर दिया है। पुरानी सब्जीमंडी से लेकर रेलवे जंक्शन, कैथल रोड बाइपास से वीटा मिल्क प्लांट तक पूरी सड़क बंद रहेगी। इस सड़क मार्ग पर कोई भी वाहन नहीं जा सकता। इसके अलावा अपोलो रोड भी बंद रहेगा। पुलिस ने ऐसा प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किया है। 1. नरवाना रोड पुल बाइपास से आने वाले वाहन कच्चा जुलानी रोड होते हुए संगतपुरा से ईंटल कलां होते जींद-बरवाला रोड की तरफ जाएंगे। इसके अलावा यह वाहन जुलानी रोड होते हुए जलालपुर कलां से ईक्कस होते हुए जींद-बरवाला रोड की तरफ जा सकते हैं। इसी प्रकार कैथल रोड बाइपास से आने वाले वाहनों भी अहिरका होते हुए जुलानी ईंटल कलां या जलालपुर कलां होते हुए जींद.बरवाला रोड या जींद.हांसी रोड पर जा सकते हैं। 2. जुलानी या जलालपुर कलां फाटक की तरफ से आने वाले वाहन जुलानी, होते हुए नरवाना रोड, अहिरका से कैथल रोड पर जा सकते हैं। 3. रेलवे जंक्शन के पास स्थित कृष्णा मंदिर से लेकर पुरानी सब्जीमंडी मोड़ तक सड़क मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इसलिए वाहन चालक अन्य निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करेंगे। 4. टेंडरी मोड़ से ईक्कस, भिवानी रोड, बरवाला रोड व हांसी की तरफ आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही सामान्य रहेगी। 5. वीटा प्लांट रोड, पटियाला चौक रोड पुरानी सब्जी मंडी से पटियाला चौक की ओर जाने वाली सड़क की तरफ जाने वाला मार्ग पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

### पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन का रूट चार्ट जारी किया



जींद। रेलवे जंक्शन पर निरीक्षण करते डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी। फोटो :हरिभूमि

### हाइड्रोजन ट्रेन दस कोच के साथ चलेगी: डीआरएम

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद में हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन को लेकर कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले रेलवे जंक्शन पर तैयारियां का जायजा लेने डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी बुधवार को जींद पहुंचे। इस दौरान डीसी डा. वैशाली शर्मा व एसपी कुलदीप सिंह भी साथ मौजूद रहे। उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर डीसी व एसपी के साथ विचार विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने जंक्शन परिसर में इमजेंसी मेडिकल रूम का भी निरीक्षण किया। फिर वे टिकट काउंटर परिसर में पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। पत्रकारों से बातचीत में डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने कहा कि अभी जिस तरह की टेक्नालाजी मिलने जा रही है, यह टेक्नालाजी विश्व के कुछ ही चुनिंदा देशों के पास है और इतनी बड़ी हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की टेक्नालाजी तो विश्व के किसी देश के पास नहीं है। 10 कोच ही से यह ट्रेन चलेगी। इतनी बड़ी ट्रेन है कि इसमें कुल 2600 यात्री सफर कर सकते हैं, जिसमें से 700 लोगों के बैठकर सफर करने की सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि अभी जींद से सोनीपत रूट पर 75 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलाए जाने को लेकर ट्रेन अनुकूल है। अभी रेलवे इससे ज्यादा तेज गति से चलाने को लेकर प्रयासरत है। ट्रायल होने के बाद गाड़ी चलाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।

### प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा व प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अन्य जिलों या शहर के अंदर के अंदर आने.जाने वाले वाहनों वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील की है। एसपी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि 17 जुलाई को अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें। यदि संभव हो तो यात्रा का समय पहले या बाद में निर्धारित करें व वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। पुलिस द्वारा किए गए यह ट्रैफिक प्रबंध आमजन की सुरक्षा, सुगम यातायात और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

### रैली में पहुंचने वाले वाहनों के लिए विशेष व्यवस्था

बरवाला, हांसी, हिसार और भिवानी की तरफ से आने वाले वाहन रोहतक रोड नाका, नई अनाज मंडी, एनएच 352, नए बस स्टैंड व सफीदों बाईपास सर्विस रोड से होकर निर्धारित पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे।, नरवाना रोड, कैथल रोड व हैबतपुर रोड से आने वाले वाहन हैबतपुर रोड के माध्यम से सीधे रैली एवं पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे।

जिला एवं बाहरी राज्यों की ओर जाने वाले वाहनों के लिए डायवर्जन भिवानी से पंजाब, कैथल एवं चंडीगढ़ की तरफ जाने वाले वाहन मुढाल-हांसी-बरवाला मार्ग का उपयोग करेंगे।, हांसी से नरवाना एवं चंडीगढ़ की तरफ जाने वाले वाहन नारनौंद, खेड़ी चौपटा व उचाना होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।, बरवाला से जींद होकर पानीपत जाने वाले वाहन खेड़ी चौपटा, उचाना, घोघड़िया, नगूरां व कैथल-असंध मार्ग का प्रयोग करेंगे। रोहतक से नरवाना एवं कैथल की तरफ जाने वाले वाहनों को एनएच.152डी से होकर भेजा जाएगा।,नरवाना एवं कैथल रोड से दिल्ली जाने वाले वाहन एनएच 152डी व जम्मू-कटरा-दिल्ली हाईवे का उपयोग करेंगे।

## जींद स्वास्थ्य विभाग ने चार सेफ हाउस, चार सेफ अस्पताल बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई को जींद दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के साथ ही वीवीआईपी, वीआईपी व कई अन्य वरिष्ठ नेता, अधिकारी व पदाधिकारी जींद पहुंचेंगे। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां अंतिम दौर में पहुंचा दी हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चार सेफ हाउस, चार ही सेफ अस्पताल बनाए हैं। इसके अलावा जगह-जगह 15 एएलएस व 15 ही बीएलएस तैनात रहेंगी। जिनमें सारा साजोसामान मौजूद रहेगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के पुख्ता प्रबंधों की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर चार सेफ हाउस बनाए गए हैं। जो रैली स्थल, रेलवे स्टेशन व दो हैलीपेड के आसपास होंगे। इसके अलावा सेफ अस्पताल के लिए नागरिक अस्पताल जींद, रेलवे स्टेशन के पास यूरो केयर निजी अस्पताल, ओस्कर अस्पताल, पीजीआईएमएस रोहतक में बनाए हैं। निजी अस्पतालों को सेफ अस्पताल बनाने का उद्देश्य यह है कि यह रैली स्थल और कार्यक्रम स्थल के पास हैं और यहां स्पेशलिस्ट की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने साजोसामान के साथ 15 एएलएस व 15 बीएलएस भी साजोसामान के साथ तैयार की हैं। जिसमें दो स्पेशलिस्ट् एक फार्मासिस्ट जरूरत की दवाओं के साथ, एक लैब टैक्रीशियन, एक रक्त की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा 15 बीएलएस आमजन के लिए होगी। जोकि रैली स्थल के चारों तरफ अलग-अलग हाइवों व मार्गों पर खड़ी रहेंगी। इन एंबुलेंसों में रहने वाली हर सुविधा की मंगलवार को सख्ती से जांच की गई। एक-एक दवा व अंदर के साजोसामान को जांचा व परखा गया।



जींद। नागरिक अस्पताल में एंबुलेंसों को जांचते हुए कर्मचारी।

### चिकित्सकों को अलर्ट रहने के आदेश

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल ने अपनी तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रैली स्थल के आसपास व कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वास्थ्य विभाग की एएलएस व बीएलएस तैनात रहेंगी। इसके अलावा 17 जुलाई को नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर मार्ग बंद रहेंगे

17 जुलाई को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मार्ग बंद रहेंगे। ऐसे में सीएचएसी व पीएचसी स्तर पर आने वाले मरीजों को रेफर न किए जाने की बात कही है। अगर कोई मरीज ज्यादा ही गंभीर है तो उसे नागरिक अस्पताल में भेजा जाए। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में भी कोई अत्यधिक गंभीर मरीज है तो उसे ही पीजीआई ले जाया जाएगा।

### शहर में बिजली के तार बदलने का काम जारी

**जींद।** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते शहर में बिजली की केबल बदलने का काम दो दिन से जारी है। इस कारण जहां मंगलवार को अर्बन एस्टेट, सफीदों रोड, कृष्णा कालोनी, कुंदन सिनेमा एरिया में बिजली बाधित रही। वहीं बुधवार को भी सफीदों रोड व गोहाना रोड पर बिजली की सप्लाई बाधित रही। पिछले तीन दिन में बिजली की खपत 120 से 130 लाख यूनिट तक रही। बुधवार को लाइट कभी आती तो कभी जा रही थी।

### जींद:हांसी ब्राच नहर में नहाने उतरा युवक डूबा

**जींद।** श्याम कालोनी के निकट हांसी ब्राच नहर में नहाने उतरा युवक नहर में डूब गया। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों की सहायता से नहर में सर्च अभियान चलाया लेकिन डूबे व्यक्ति का कोई सुराग नही लगा। फिलहाल नहर पर निगरानी रखी जा रही है।

दुर्गा कालोनी निवासी दीपक (25) कार्यवश बुधवार दोपहर को श्याम कालोनी में आया था। गर्मी ज्यादा होने के कारण वह हांसी ब्रांच नहर में उतर गया। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण वह कुछ दूरी तक दिखाई दिया। जिसके बाद वह पानी में डूब गया। घटना के दौरान कुछ लोगो ने बचाव के लिए शोर भी मचाया लेकिन तब तक वह डूब चुका था। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंच गए और नहर मे सर्च अभियान चलाया। काफी दूरी तक नहर में चले सर्च अभियान के बाद भी नहर में डूबे दीपक का कोई सुराग नही लगा।

### तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद साढ़े तीन साल के मासूम की खाने की नली में फंसा पांच रुपये का सिक्का निकाला



**जींद।** एक साढ़े तीन साल के मासूम के खाने की नली में पांच रुपये का सिक्का फंस गया। परिजनों द्वारा तुरंत नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों की टीम नें सिक्के को निकाल कर उसकी जान बचाई है। ईएनटी डा. अरविंद शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे का दूरबीन से आपरेशन किए तो स्वजनों की जान में जान आई। अब बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। गांव शामलो कलां निवासी साहिल ने बताया कि उसका साढ़े तीन वर्षीय बच्चा शिवांश मंगलवार को घर ही खेल रहा था। अचानक उसने पांच रुपये का सिक्का निगल लिया। सिक्का बच्चे के खाने की नली में चला गया। स्वजन उसे लेकर एक निजी अस्पताल में गए, वहां पर उनको मना कर दिया गया। इसके बाद नागरिक अस्पताल में आए। यहां चिकित्सकों ने शिवांश का एक्सरे किया तो पता चला कि सिक्का खाने की नली में अटक गया है। इसके बाद चिकित्सकों ने ईएनटी डा. अरविंद शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

### ग्रीन मोबिलिटी का राष्ट्रीय केंद्र बनेगा हरियाणा : दुग्गल

**जींद।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि 17 जुलाई को हरियाणा का जींद देश के विकास इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नई रेल सेवा का शुभारंभ नही बल्कि विकसित भारतए हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का ऐतिहासिक प्रतीक होगा। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल बुधवार को पत्रकारो से बातचीत कर रही थी। कहा कि जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत समाधान प्रस्तुत कर रहा है। हाइड्रोजन आधारित रेल परिवहन स्वच्छ ऊर्जा के नए युग की शुरुआत करेगा।

### ट्रेड डील के विरोध में भाकियू का पूंडरी में मोटरसाइकिल मार्च

**पूंडरी।** भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मंगलवार को देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर पुंडरी में जोरदार मोटरसाइकिल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट एवं जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों, युवाओं और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रस्तावित ट्रेड डील को किसानों के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। मोटरसाइकिल मार्च पाई गेट से शुरू होकर ब्रह्मानंद चौक, बस स्टैंड, अहलूवालिया चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते तहसील कार्यालय पहुंचा। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर भारत-अमेरिका ट्रेड डील को वापस लेने की मांग उठाई।

### सूरज निकलते ही तेज धूप और हवा में नमी के कारण लोगों के छूट रहे पसीने

## उमस भरी गर्मी ने लोगों को किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुधवार को सुबह से ही उमसभरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सूरज निकलते ही तेज धूप और हवा में नमी के कारण लोगों के पसीने छूटने लगे। दोपहर तक गर्मी का असर और बढ़ गया। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को हल्के बादलों के बीच सूर्य का उदय हुआ। वहीं सूरज निकलते-निकलते उमसभरी गर्मी शुरू हो गईए जिससे लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। पूरे दिन गर्मी ने बेहाल किया। धूप और छांव में कहीं भी राहत नहीं मिल रही थी। फिलहाल 19 जुलाई तक जिले में गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रह सकती हैए लेकिन व्यापक स्तर पर बारिश के आसार कम हैं। हालांकि 20 जुलाई से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। यदि मौसम प्रणाली अनुकूल रही तो जिले में झमाझम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिलेगी। बारिश नहीं होने से सबसे अधिक चिंता किसानों को सता रही है। जिले में धानए बाजरा और ग्वार समेत अन्य खरीफ फसलों की बुवाई का काम चल रहा हैए लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। लंबे समय तक सूखे जैसे हालात बने रहने पर फसलों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है। साथ ही कमजोर पौधों में कीट एवं रोगों का प्रकोप बढने की आशंका भी रहती है। विशेष रूप से धान और कपास की फसल में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

### अभी राहत के आसार नहीं

कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि यदि फसलों में किसी प्रकार के रोग या कीट के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत कृषि विशेषज्ञों से संपर्क कर उचित उपचार कराएं। गांव पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में विशेष गिरावट की संभावना नहीं है। उमस का स्तर भी अधिक बना रहेगा जिससे लोगों को गर्मी का एहसास लगातार होता रहेगा। यदि 20 जुलाई से अपेक्षित बारिश होती है तो न केवल मौसम सुहावना होगा बल्कि किसानों की खरीफ फसलों को भी बड़ी राहत मिलेगी।



## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**उचाना**। विद्या भारती द्वारा संचालित श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वमावि उचाना कलां में बुधवार को 37वीं जींद संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक विनोद वशिष्ठ, मुख्य अतिथि किस्मत मोर तथा गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के प्राचार्य अजय मुख्य रूप से पहुंचे। विनोद वशिष्ठ के उद्बोधन के पश्चात ध्वजारोहण कर खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया। स्पर्धा में विभिन्न विद्यालयों के कुल 125 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ग्रामीण सफाई कर्मी 22 को देंगे धरना

**जींद**। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय संयुक्त बैठक बुधवार को शहीद सूबे सिंह स्मारक, जींद में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया और लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की। बैठक की अध्यक्षता उचाना ब्लॉक प्रधान साहब सिंह तथा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन सीट के अलेवा ब्लॉक प्रधान सुखविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए 22 जुलाई को लघु सचिवालय के पास जिला स्तरीय धरना व प्रदर्शन किया जाएगा।

### विधायक देवेंद्र चतरभुज ने रैली का दिया न्योता

**उचाना**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन को लेकर उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचने की अपील कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद रेलवे स्टेशन से देश और एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### नागरिक अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

**जींद**। आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के जींद आगमन को लेकर स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के निदेशक डा. ब्रह्मदीप सिंह ने जिला की स्वास्थ्य संस्थाओं का दौरा करके गहनता से निरिक्षण किया। निदेशक ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिले में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी की, समीक्षा की, डॉक्टर्स को उनकी ड्यूटी से अवगत कराया। एंबुलेंस, सेफ हॉस्पिटल, सेफ हाउसेज सभी चेक किए गए।

### माता भ्रामरी शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**उचाना**। गुप्त नवरात्र शुरू होते ही देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडने लगी है। दूर-दराज से श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्र में की गई साधना और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है, इसलिए इन दिनों मंदिर में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पूजा और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### जिले को विकास की ऐतिहासिक सौगातें दें

**जींद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद दौरे से पहले जींद के समाजसेवी एवं अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 17 महत्वाकांक्षी मांगें प्रधानमंत्री के समक्ष रखी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि जींद दौरे के दौरान इनमें से प्रमुख मांगों को स्वीकृति देकर जिले को विकास की ऐतिहासिक सौगात दी जाए।

### आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन समाप्त

# 8596 आवेदनों के साथ राजकीय आईटीआई कैथल प्रदेश में द्वितीय

## सत्रह को जारी होगी पहली मेरिट व सीट आवंटन सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गई। 2 जून से शुरू हुई यह प्रक्रिया 15 जुलाई तक चली, जिसके दौरान राजकीय आईटीआई कैथल को कुल 8596 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की संख्या के आधार पर राजकीय आईटीआई कैथल ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है तथा हिसार का राजकीय आईटीआई पहले स्थान पर रहा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब अभ्यर्थियों की नजरें पहली मेरिट सूची पर टिकी हैं। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा 17 जुलाई को पहली मेरिट सूची एवं सीट आवंटन परिणाम जारी किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को 17 से 21 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में पहुंचकर दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा तथा काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इस बार कैथल आईटीआई में बड़ी संख्या में आवेदन आने से दाखिले की राह पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गई है। सीमित सीटों के मुकाबले कई गुना अधिक आवेदन आने के कारण प्रत्येक ट्रेड में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिशियन, फिटर, डीजल मैकेनिक, कोपा, स्टेनोग्राफी और अन्य लोकप्रिय ट्रेडों में प्रवेश पाने के लिए अभ्यर्थियों के बीच कड़ा मुकाबला रहेगा। ऐसे में मेरिट में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ही पसंदीदा ट्रेड मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि इस वर्ष ऑनलाइन पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के चलते आवेदन प्रक्रिया के दौरान कई बार अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग ने समय-समय पर आवश्यक संशोधन करते हुए अभ्यर्थियों को आवेदन एवं ट्रेड चयन का अवसर उपलब्ध कराया। अंततः 15 जुलाई को आवेदन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। संस्थान प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे विभागीय पोर्टल पर नियमित रूप से अपनी लॉगिन आईडी जांचते रहें तथा मेरिट सूची जारी होने के बाद निर्धारित समय के भीतर काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करें। निर्धारित तिथि तक प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सीट अगले चरण की काउंसलिंग में अन्य अभ्यर्थियों को आवंटित की जा सकती है।


जींद। राजकीय आईटीआई जींद।

#### सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने संस्थान के आनलाइन आवेदन में प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल करने पर सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को पहली मैरिट कम सीट अलाटमेंट जारी होगी तथा उसी दिन से काउंसलिंग भी शुरू हो जाएगी।

#### जींद में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड बनी युवाओं की पहली पसंद

**जींद**। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जींद में सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए इस बार युवाओं का सबसे अधिक रुझान इलेक्ट्रीशियन ट्रेड की ओर देखने को मिला है। संस्थान में प्राप्त कुल 7791 आवेदनों में से अकेले इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के लिए 1895 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैए जिससे यह सबसे पसंदीदा ट्रेड बनकर उभरी है। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार प्रथम मेरिट सूची 17 जुलाई 2026 को जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित आईटीआई में अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन कराना होगा तथा 22 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सीट अगले चरण के लिए रिक्त मानी जाएगी।

# डिप्टी स्पीकर बने निक्षय मित्र

- 18 वर्ष से कम आयु की महिला टीबी मरीजों को पोषण किट किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के निदेशक डा. ब्रह्मदीप सिंह के नेतृत्व में जिला में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतू एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा विधानसभा क्षेत्र जींद के 18 वर्ष से कम आयु की सभी महिला टीबी मरीजों को निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान की गई। उप सिविल सर्जन टीबी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. पाले राम कटारिया के अनुरोध पर डिप्टी स्पीकर ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उपचाराधीन टीबी मरीजों को निक्षय मित्र पहल के तहत गोद लेकर प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के निश्चय को जींद में सपफल बनाने की एक अनूठी पहल की है। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर ने सभी विभागों, संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से आह्वान किया कि वे निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लें। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को उचित एवं नियमित उपचार के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता होती है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति और संस्था को इस सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए टीबी मरीजों का सहयोग करना चाहिए ताकि वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें तथा टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दें।



### कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

**नरवाना**। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित हरियाणा दौरे एवं जींद में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में रैली की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गयी। उन्होंने कार्यक्रम को पूरी भव्यता और अनुशासन के साथ सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि 17 जुलाई का दिन हरियाणा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।


जींद। सांग प्रस्तुत करते हुए कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### दूसरे दिन हरियाणवी रागिनी-लोकनृत्य ने बांधा समां

**जींद**। हरियाणा कला परिषद एवं तृप्ति कल्चरल सोसाइटी जींद के संयुक्त तत्वावधान में सोम तीर्थ पांडु पिंडारा में आयोजित कवि बाजे भगत की जयंती के उपलक्ष में सांग एवं रागिनी महोत्सव के दूसरे दिन हरियाणा कला परिषद् के कलाकार मुकेश एवं दल ने हरियाणवी लोक लोक रागिनी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक व तृप्ति कल्चरल सोसाइटी के सचिव मुकेश ने बताया की कार्यक्रम के दूसरे दिन हरियाणा कला परिषद के कलाकार मुकेश एव दल ने लोक रागिनियों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा कला परिषद् के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने शिरकत की ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप रंधावा चेयरपर्सन प्रतिनिधि जिला परिषद् जींद ने की। वहीं वशिष्ठ अतिथि के तौर पर रंगकर्मी रमेश मूर्ति वरिष्ठ कलाकार यशु दास मौजूद रहे। कला परिषद के कलाकार मुकेश एवं दल की कलाकार सलोनी वत्स ने कवि बाजे भगत द्वारा रचित रागिनी धूमा आवे से अटारी में, चाल्या भी ना जाता रागिनी की प्रस्तुति देकर दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी व दर्शको की खूब वाह वाही लूटी।

### पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने मांगों को लेकर जताया रोष

**जींद**। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघए जन स्वास्थ्य शाखा जींद के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को यूनियन कार्यालय जींद में संपन्न हुई। बैठक में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया गया तथा आगामी 18 जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है, जिससे पूरे प्रदेश के मैकेनिकल वर्करों में भारी निराशा और आक्रोश है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए 18 जुलाई को लोक निर्माण विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित आवास पर एक विशाल राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### परिप्रेक्ष्य विषय पर वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन

**जींद**। हिंदू कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा बुधवार को भारतीय ज्ञान परंपरा, संभावनाएं एवं परिप्रेक्ष्य विषय पर एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व और उच्च शिक्षा में उसके समावेश को लेकर शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका एवं आईक्यूएसी की सहसमन्वयक डा. प्रियंका साहनी के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डा. रचना शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसरए केआईआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गुरुग्राम एवं यूजीसी प्रमाणित मास्टर ट्रेनर भारतीय ज्ञान प्रणाली रहीं। भारतीय ज्ञान प्रणाली के विभिन्न आयामों, उसके शैक्षिक महत्व व आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी समावेशन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पीएम मोदी की रेल बिना बिजली और तेल चलेगी

## कल जींद में होने वाली रैली की सभी तैयारियां पूरी : टेकराम कंडेला

- नरेंद्र मोदी के पहुंचने से जींद में विकास व उन्नति के द्वार खुलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बताया है कि 17 तारीख को जींद में होने वाली रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें दुनिया का सबसे ताकतवर नेता श्री नरेंद्र मोदी शरकत करेंगे जिसमें हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह भारत में ऐसा पहली बार हो रहा है जो हाइड्रोजन ट्रेन जींद में चलाई जा रही है और जींद का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। इस रैली के दौरान हरियाणा को और कई बड़ी सौगात दी जाएगी हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन की कैपेसिटी एशिया में सबसे बड़ी कैपेसिटी होगी जो बहुत ज्यादा लोगों को यात्रा करवा सकेगी अब पूरी दुनिया में यह नारा गूंज चुका है। मोदी की रेल चलेगी बिना बिजली व बिना तेल के चलेगी। नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए एक उम्मीद बनाई थी, आज नरेंद्र मोदी उस उम्मीद पर खरा उतर रहे हैं नरेंद्र मोदी के पहुंचने से जींद में विकास व उन्नति के द्वार खुलेंगे। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ताकत बढ़ेगी। कंडेला ने इस जनसभा को सफल बनाने के लिए जींद हलके के कई गांव का दौरा किया इस जनसभा में शामिल होने के लिए लोगों में बहुत उत्साह है लोग चाहते हैं कि हमारे जींद में विकास की रूपरेखा तय हो इसलिए लोग मन बना चुके हैं कि हम आने वाली 17 जुलाई को रैली स्थल पर पहुंचने का काम करेंगे।


जींद। टेकराम कंडेला अपने साथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि


जींद। कृत्रिम आभूषण निर्माण प्रशिक्षण शिविर के समापन में मौजूद मुख्यतिथि।

### 35 महिलाओं ने सीखा कृत्रिम जेवर निर्माण का हुनर

**जींद**। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा आयोजित 14 दिवसीय कृत्रिम आभूषण आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में 35 महिलाओं ने भाग लेकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया और स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। समापन समारोह में प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय जींद के सहायक अध्यापक एवं प्लेसमेंट इंचार्ज सेल मोहित रांगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी युक्त ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। संस्थान के निदेशक सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षणार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# करसोला के बेटे ने बढ़ाया प्रदेश का मान

## दीक्षांत घणघस का भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना क्षेत्र के गांव करसोला के खिलाड़ी दीक्षांत घणघस का 19वीं जूनियर एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम में चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 26 जुलाई तक चीन में आयोजित की जाएगी। जिसमें दीक्षांत भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि से पूरे जुलाना क्षेत्र और हरियाणा में खुशी की लहर है। दीक्षांत एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता रमेश घणघस खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटे के खेल सपनों को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। वर्षों की मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के बाद दीक्षांत ने भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम में जगह बनाकर अपने परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दीक्षांत के चयन की खबर मिलते ही गांव करसोला में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए चीन में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके शानदार प्रदर्शन की कामना की।

#### बच्चों की प्रतिभा को पहचानें



दीक्षांत के पिता रमेश घणघस ने कहा कि वह एक छोटे किसान हैं और बेटे ने अपनी मेहनत व समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उन्हें आगे बढने का अवसर दें। वहींए दीक्षांत घणघस ने कहा कि भारतीय टीम में चयन उनके लिए बेहद गर्व का क्षण है।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला विद्यालय में निबंध-चित्रकला प्रतियोगिता

**जींद**। सीबीएसई के परिपत्र के अनुपालन में आधारशिला विद्यालय में निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकासए रचनात्मक सोच तथा अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। इसमें कक्षा छह से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की निर्देशिका अंजू सिहाग एवं प्राचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का विषय 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका रखा गया था। विद्यार्थियों ने इस विषय पर अपने विचार रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भारतीय संविधान, मौलिक अधिकार एवं नागरिक कर्तव्यों से जुड़े प्रश्न पूछे गए। जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोचए सामान्य ज्ञान, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करती हैं।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# पोस्टर मेकिंग में संजना और ई टेस्ट में सिमरन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठनए जींद द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कौशल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, नवाचार और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ई.टेस्ट प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथमए स्नेहा ने द्वितीय तथा मीरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कौशल विकास के महत्व को प्रभावी ढंग से चित्रित किया। प्रतियोगिता में संजना प्रथम, अंजू द्वितीय तथा ट्विंकल और साक्षी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। वहीं ट्रिपल डैश इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक एवं तकनीकी विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में अंजू ने प्रथम, मीनाक्षी ने द्वितीय तथा मीरा और स्नेहा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और देश की प्रगति युवाओं के कौशलए नवाचार एवं क्षमता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए युवाओं का तकनीकी रूप से दक्ष और रोजगार योग्य होना आवश्यक है।


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

मनदीप गुप्ता ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को नई तकनीकों को अपनाने और निरंतर सीखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को अपने कौशल का निरंतर विकास करने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था की आईटी प्रमुख अंकिता खटकड़, अजय वर्माए डिजिटल इनोवेशन विजनरी के सीईओ सार्थक सिंगला, मीना, सिमरन सहित बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


जींद। जानकारी देते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करें

**जींद**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जुलानी में बुधवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने की। जबकि महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर पिंकी देवी विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, किशोरियां, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। महेंद्र सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल सरकारी योजना नही बल्कि सामाजिक बदलाव का जनआंदोलन है। बेटियों का सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने से ही संतुलित, शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, सेना और न्यायपालिका सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार का दायित्व है कि वह बेटियों को आगे बढने के समान अवसर प्रदान करे।

## खबर संक्षेप

### खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 21 से

**राजौंद।** ब्लॉक राजौंद की खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 लड़के एवं लड़कियों के लिए 21 जुलाई से राजीव गांधी खेल स्टेडियम, रोहेड़ा में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी सोहन पाल प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा, पीएम गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजौंद ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को सभी आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियों के एथलेटिक्स मुकाबले होंगे। 22 जुलाई को लड़कों के सभी आयु वर्ग के टीम खेलों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में करवाई विभिन्न गतिविधियां

**गुहला-चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ गुरजीत कौर ने कहा कि विभाग द्वारा बुधवार को खंड गुहला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। इस अभियान के तहत बेटी के नाम का पौधा रोपण, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की रैली और महिलाओं की कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह निषेध, लिंग जांच अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया।

### साल का एक दिन परिवार के करें नाम पानी : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने जिला वासियों को साल के 365 दिन में से एक दिन अपने परिवार के लिए निकालने की अपील की है। इस दिन में लोग अपने घरों के पुराने पानी के कनेक्शन की जांच करवाएं। जो तीस से चालीस साल पुराने हैं। किसी का प्राइवेट कनेक्शन है। किसी का सरकारी भी है तो वह सालों पुराना है।इसलिए सभी आमजन से अपील है कि वे एक दिन अपने लिए व अपने परिवार के लिए निकालें। इस कनेक्शन को बदलवाएं और सरकार द्वारा जारी नियमानुसार अपने पानी के कनेक्शन को बदलवा लें।

# सजूमा में पेयजल व्यवस्था सुधारने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर भी नजर : उपायुक्त

## 1500 स्थानों की जांच पूरी, लगातार सैंपलिंग जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने बुधवार को गांव सजूमा का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने गांव में स्वास्थ्य केंद्र एवं नहरी पानी परियोजना स्थल का दौरा किया। वहीं गांव में हुई लड़की की मृत्यु पर घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डीसी ने गांव वासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही जन स्वास्थ्य व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जहां भी पेयजल आपूर्ति में लीकेज आदि के कारण दिक्कत आई है, उसे दुरुस्त किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गांव में रहकर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।



**कैथल।** डीसी अपराजिता गांव सजूमा के ग्रामीणों से बातचीत करते हुए।

### टाइफाइड के 12 मामलों की पुष्टि

*डीसी अपराजिता बुधवार को सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचीं, जहां सिविल सर्जन व अन्य डॉक्टरों की टीम से फीडबैक ली। अधिकारियों ने बताया कि गांव में अभी तक 109 सैंपल किए गए हैं, जिसमें हेपेटाइटिस-ए के 33 और टाइफाइड के 12 मामलों की पुष्टि हुई है। सभी जरूरी टेस्टों की सुविधा उपलब्ध है। ग्रामीणों की सुरक्षा और त्वरित इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सजुमा गांव में 24 घंटे स्वास्थ्य विभाग की टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गांव में एम्बुलेंस (एम्बुलेंस) सेवा को भी चौबीसों घंटे तैनात रखा गया है ताकि किसी भी मरीज को तुरंत उच्च स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जा सके। यहां लैब में 24 घंटे टेस्टिंग सुविधा दी गई है। जिसमें कई तरह की बीमारियों की जांच की जा रही है।*

### पेयजल पाइप लाइन की जांच की जाएगी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी गांव में मौजूद हैं और लोगों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। यहां स्थिति अब नियंत्रण में है। ग्रामीणों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। दूषित पानी के मामले में 1500 जगहों की जांच की गई है। लगातार सैंपलिंग की जा रही है। गांव वासियों की मांग पर गांव में नहरी पानी आपूर्ति की संकरी पाइप को बदला जाएगा। साथ ही गांव के अंदर भी पेयजल पाइप लाइन की जांच की जाएगी। साथ ही गांव को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एस्टीमेट तैयार करके टेंडर लगवाएं और कार्य शुरू करवाएं। गांव वासियों की मांग पर भाखड़ा से भी पानी लाने की फिजिबिलिटी चैक की जाएगी। उन्होंने गांव के बंद पड़े आरओ प्लांट को भी जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए।

### बेटी रितिका के परिजनों से की बातचीत



इसके बाद डीसी अपराजिता गांव सजूमा के सैनी मोहल्ला में विजय पुत्र महेंद्र के घर पहुंची, जहां गत दिनों लगभग उनकी 12 वर्षीय बेटी रितिका की मृत्यु हो गई थी। डीसी ने परिजनों से बातचीत की और उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि प्रशासन आपके साथ है। परिवार का छह वर्षीय बेटा केशव भी सिविल अस्पताल में एडमिट है, जोकि पूर्णतः सही है। मौके पर मौजूद सरपंच अनिल कुमार व अन्य ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने पेयजल संबंधित समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा, जिसमें डीसी ने आवश्यक प्रबंध करने के लिए आश्वस्त किया। परिवार को आर्थिक मदद दिए जाने की मांग पर डीसी ने कहा कि परिवार का हर तरह से सहयोग किया जाएगा।

### लोगों की समस्याओं को सुना

इसके बाद डीसी अपराजिता जन स्वास्थ्य विभाग के पेयजल बूस्टर पर पहुंची, जहां अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने डीसी को नहरी पानी की संकरी पाइपलाइन, गांव की खराब पाइपलाइनों, भाखड़ा से पेयजल आपूर्ति, बंद पड़े आरओ प्लांट जैसी समस्याएं बताईं। डीसी ने सभी की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। सभी अधिकारी समय-समय पर फील्ड का दौरा करें। गांव में जनस्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही की शिकायत पर डीसी ने एसडीएम संजय कुमार को निर्देश दिए कि वे शिकायत अनुसार जांच करें। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार गिल, सीएमओ डॉ. रेणू चावला, कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीएचसी कौल में लगाया प्रशिक्षण शिविर



**ढांड।** सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कौल में मंगलवार को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने शिरकत की, जबकि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने सहयोगी संस्था के रूप में सहभागिता निभाई। रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बलबीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर देने की सही तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा डमी मॉडल के माध्यम से अभ्यास भी करवाया गया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने कहा कि सड़क दुर्घटना अथवा अन्य आपातकालीन स्थिति में प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि वह जरूरतमंद व्यक्ति की यथासंभव सहायता करे।

# पूण्डरी विस के विद्यालयों में वृक्षारोपण अभियान-2026 का आगाज : जाम्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- विधायक ने अध्यापकों और विद्यार्थियों के साथ लगाए पौधे

विधायक सतपाल जांबा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वन विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान की पूंडरी के विभिन्न स्कूलों से शुरुआत की। विधायक ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूण्डरी, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पूण्डरी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुर एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुर में विद्यार्थियों, अध्यापकगण एवं साथियों के साथ पौधारोपण कर वृक्षारोपण अभियान-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल सुनिश्चित करना भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों, अध्यापकगण, अभिभावकों एवं समाज की सक्रिय सहभागिता से हराभरे, स्वच्छ एवं पर्यावरण समृद्ध पुण्डरी के निर्माण का लक्ष्य लेकर यह अभियान निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।



### रूबी वेदम अन्नपूर्णम फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे वाटर कैम्पर, पंखे और पौधे



**सीवन।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय रूबी वेदम अन्नपूर्णम फाउंडेशन ने बुधवार को सीवन स्थित आंगनबाड़ी वर्कर प्रेमलता कोहली के प्ले स्कूल में सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से वाटर कैम्पर, पंखे तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधों का वितरण किया गया। इस पहल की अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भी सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के संस्थापक कौशल वेद अग्रवाल ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ, सुरक्षित और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में वाटर कैम्पर और पंखे उपलब्ध कराए गए हैं ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके।

# पूंडरी नपा में लगा रीसायकल बिन, दान किए कपड़े जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाएंगे

## विधायक सतपाल जांबा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

जरूरतमंद लोगों की सहायता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे कपड़ा दान अभियान के तहत बुधवार को नगरपालिका पूंडरी परिसर में रीसायकल बिन स्थापित किया गया। एक किरण उम्मीद की संस्था के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक कपड़े दान कर इस जनहितकारी पहल का हिस्सा बनने का आह्वान किया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि जिला प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया यह अभियान सेवा, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोगों के घरों में ऐसे कपड़े पड़े रहते हैं जो उनके उपयोग में नहीं आते, लेकिन वही कपड़े किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए नई उम्मीद बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसे सामाजिक अभियानों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। नगरपालिका सचिव मोहनलाल ने बताया कि रीसायकल बिन में एकत्रित किए गए कपड़ों का उचित प्रबंधन किया जाएगा। उपयोग योग्य कपड़े जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाए जाएंगे, जबकि अनुपयोगी कपड़ों का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) कराया जाएगा।




### फर्जी लोन एप से रहें सावधान : मनप्रीत

**कैथल।** साइबर अपराधी भिन्न तरीके अपनाकर आमजन के साथ साइबर ठगी कर रहे है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार आमजन को साइबर अपराधो से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इसी तहत साइबर अपराध के एक तरीके बारे कैथल पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लोन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है क्योकि आजकल आसानी से ऑनलाइन लोन एप के जाल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। फर्जी लोन एप से सावधान रहे।



### राकेश कश्यप बने जिला आईटी सेल प्रमुख

**राजौंद।** कश्यप महापंचायत हरियाणा द्वारा संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राकेश कश्यप को जिला आईटी सेल प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से संगठन को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।नियुक्ति के बाद राकेश कश्यप ने कहा कि वे समाज के हितों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने, संगठन की गतिविधियों को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने तथा युवाओं को समाज के साथ जोड़ने का कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए संगठित होकर कार्य करना समय की मांग है।



## एडीसी ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

# शिक्षा का स्तर उठाना हमारी जिम्मेदारी : डा. सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए शिक्षा विभाग पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। लघु सचिवालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुशील कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी मेहनत और लगन से कार्य करें तथा सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने में अपना योगदान दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग के हर कार्य का सीधा लाभ उन विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए जो सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ विद्यालय मुखियाओं को प्रतिदिन के कार्यों हेतु एक विस्तृत चेकलिस्ट बनाकर देंगे। इससे कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि किताबों से ही विद्यार्थी का जीवन सही दिशा में जाता है। इसलिए प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकें इशू की जाएं और जारी की गई पुस्तकों का पूरा रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए।



**कैथल।** एडीसी डा. सुशील कुमार शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए

### मूलभूत सुविधाओं पर जोर

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय तथा खंड स्तर एवं जिला स्तर के कार्यालय में बायोमेट्रिक हाजिरी मशीन अवश्य लगाई जाए। विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। मिड डे मील का भोजन पौष्टिक, ताजा एवं पूरी साफ सफाई से बनाया जाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुश्री दिव्यता, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा, जिला परियोजना संयोजक राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण कार्यक्रम की समय रहते तैयारियां पूरी करें अधिकारी : एडीसी

**कैथल।** एडीसी डा. सुशील कुमार ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी देंगे। साथ ही प्रदेश के लोगों को कई सौगात देंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कैथल में भी किया जाएगा। इसके लिए अंबाला रोड स्थित हिंदू कन्या विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों को समय रहते पूरा कर लें। इस आयोजन में एडीसी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभार्थियों व आमजन की भागीदारी के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की।

## न्यूज डायरी

### जनसमस्याओं पर सरकार को जवाबदेह होना होगा : देवेंद्र हंस



**सीवन।** लोगों से मुलाकात करते हल्का विधायक देवेन्द्र हंस।

**सीवन।** हलका विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि सरकार का पहला दायित्व जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। यदि आम नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े तो यह प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंतन का विषय है। अपने जनसंपर्क कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य जन सुविधाओं से जुड़े अनेक मुद्दों पर लोग परेशान हैं। सरकार को प्रचार से अधिक जमीनी स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता और जन सेवाओं में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना समय की आवश्यकता है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो उस पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**सीवन।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मतदान के महत्व का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा से हुई, जहां प्रधानाचार्य हरदयाल अरोड़ा ने सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं शत-प्रतिशत मतदान करने तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। इसके उपरांत प्रधानाचार्य ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### कोटड़ा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत जागरूकता रैली निकाली




**राजौंद।** गांव कोटड़ा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व सर्कल सुपरवाइजर पिंकी ने किया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना तथा उनके अधिकारों और सम्मान के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। रैली में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, किशोरियों और ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'बेटी है तो भविष्य है' और 'पढ़ेगी बेटी, बढ़ेगा देश' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से पूरे गांव में जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेकर किया गया।

### वृक्षारोपण अभियान : महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि में पौधे किए वितरित



**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के टीक परिसर में आज प्रातः 11:00 बजे एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु आचार्य राजेन्द्रकुमार अनायत ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कंवल कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल उपस्थित रहे। कुलगुरु आचार्य राजेन्द्रकुमार अनायत ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को पौधे वितरित भी किये। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय गोयल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. जगत नारायण कौशिक, परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला, वित्ताधिकारी श्री कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवा नशे से दूर रहेंगे तभी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित होगा : डॉ. अशोक



**गुहला-चीका।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से ए.वी. विद्यामंदिर स्कूल, चीका में नो ड्रग्स-सेव लाइफ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार वर्मा, सब-इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस थे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और यदि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहेंगे, तभी समाज एवं राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा।

### चीनी मिल में किया रोलर पूजन

**कैथल।** आगामी पिराई सत्र की तैयारियों के अंतर्गत कैथल सहकारी चीनी मिल में बुधवार परंपरागत विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मिल हाउस में रोलर पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विधिवत पूजा अर्चना की तथा आगामी पिराई सत्र के सफल, सुरक्षित एवं सुचारू संचालन की कामना की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने कहा कि रोलर पूजन भारतीय परंपरा एंव कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आगामी पिराई सत्र को बेहतर तकनीकी दक्षता, समयबद्ध संचालन तथा किसानों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए मिल प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मशीनरी का अंतिम निरीक्षण करने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



## खबर संक्षेप



### पांच लाख का सहायता चेक प्रदान किया

**कैथल।** हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत चंदाना निवासी शरबती को 5 लाख की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। मार्केट कमेटी कैथल के अध्यक्ष सतीश सिरटा एवं उपाध्यक्ष राम नारायण गर्ग ने संयुक्त रूप से दावेदार को 5 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा। यह योजना किसान एवं खेतिहर मजदूर परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### पेंशन से जुड़ी त्रुटियों को लेकर शिविर आज

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर के दौरान पेंशन से जुड़ी त्रुटियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन भी होगा। इस शिविर में खंड गुहला व सीवन, नगर पालिका चीका व सीवन क्षेत्र के लाभार्थी पहुंच सकते हैं। इन क्षेत्रों के लोगों को विभाग द्वारा पेंशन त्रुटि दुरूस्त करवाने के लिए एसएमएस भेजा गया है। लाभार्थी शिविर में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित समस्याओं, दस्तावेजों में नाम की त्रुटि, बैंक खाते की गलत जानकारी, आधार कार्ड में नाम अथवा पिता के नाम में अंतर जैसी समस्याओं का समाधान करवा सकता है।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किया हवन

**राजौंद।** विद्युत प्रसारण निगम प्रांगण में नगर की सुख-शांति और निर्बाध बिजली आपूर्ति की कामना को लेकर हवन यज्ञ आयोजित किया गया। आयोजन निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न हुआ। आचार्य राम भगत हरित ने विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ संपन्न करवाया और नगर की समृद्धि व शांति की कामना की। एसडीओ संजू कुमार ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है ताकि क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहे और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे। निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने आहुति देकर नगर की खुशहाली की कामना की।

### गली में कीचड़ से बचने को खुद बिछवाई ईंटें

**राजौंद।** शहर के बीएसएनएल टावर के पास स्थित वार्ड नंबर 13 की गली में लंबे समय से भरे कीचड़ ने स्थानीय निवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को अपने घर और दुकानों के बाहर खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही। प्रशासन की ओर से कोई समाधान न होने पर आखिरकार नागरिकों ने खुद ईंटों की ट्राली मंगवाई और कुछ रास्ता बनवाया। वार्ड निवासी रामकुमार राणा ने बताया कि गली में हर समय कीचड़ जमा रहता है।

## कैथल के सरकारी स्कूलों में नवाचार की नई शुरुआत

# भावी वैज्ञानिक तैयार करने के लिए अटल टिंकरिंग लैब का दिया प्रशिक्षण

**20 विद्यालयों में स्थापित अत्याधुनिक एटी लैब के प्रभावी संचालन के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

नरेश पंवार ▶▶| कैथल



कैथल। ग्योंग में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में सीएमजीजीए कैथल दिव्यता आधुनिक उपकरणों का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरकारी विद्यालयों में विज्ञान एवं तकनीक आधारित शिक्षा को नई दिशा देने की पहल के तहत शिक्षा विभाग हरियाणा एवं समग्र शिक्षा, हरियाणा परिषद परियोजना, पंचकूला के निर्देशानुसार कैथल जिले के 20 सरकारी विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब के प्रभावी संचालन के लिए बुधवार से आरोही सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्योंग तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शेरगढ़ में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण आज से 18 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी शिक्षक भाग ले रहे हैं।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यालय प्रमुखों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग में दक्ष बनाना है ताकि वे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता तथा समस्या समाधान क्षमता का विकास कर सकें। अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें प्रयोग, अनुसंधान और नवाचार आधारित शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को अटल टिंकरिंग लैब का विस्तृत ओरिएंटेशन देते हुए लैब में उपलब्ध सभी उपकरणों का परिचय कराया। प्रशिक्षण के दौरान ब्रेडबोर्ड, एलईडी, बैटरी एवं रेजिस्टेंस की सहायता से विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सर्किट तैयार करवाए गए। प्रतिभागियों को रेजिस्टेंस इन सीरीज एवं रेजिस्टेंस इन पैरेलल जैसी अवधारणाओं को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। इसके अतिरिक्त डिजिटल मल्टीमीटर के उपयोग, इलेक्ट्रॉनिक मापन तकनीकों तथा बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स की भी जानकारी दी गई।

### शिक्षा विभाग का लक्ष्य कौशल विकास करना

जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मक सोच एवं 21वीं सदी के कौशल विकसित करना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अटल टिंकरिंग लैब इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी आधुनिक तकनीकों के साथ सीखने और प्रयोग करने का अवसर मिलेगा। उन्हें विश्वास है कि प्रशिक्षित प्रधानाचार्य एवं शिक्षक अपने विद्यालयों में इन लैबों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करेंगे तथा विद्यार्थियों को नवाचार एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्रेरित करेंगे। यह पहल भविष्य में जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के नए अवसर प्रदान करेगी।/" उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अटल टिंकरिंग लैब को केवल एक प्रयोगशाला न मानें, बल्कि इसे विद्यालयों में नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मक शिक्षा का केंद्र बनाएं।

### सीएमजीजीए कैथल दिव्यता ने किया अवलोकन

प्रशिक्षण के प्रथम दिन सीएमजीजीए कैथल दिव्यता ने आरोही सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्योंग में आयोजित सत्र का अवलोकन किया तथा उपस्थित शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ डिजाइन थिंकिंग विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल उत्तर याद करने की नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान खोजने, नए विचार विकसित करने और नवाचार करने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है।

### उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को 3 डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स, डिजिटल मल्टीमीटर, ब्रेडबोर्ड, बैटरी, एलईडी तथा अन्य आधुनिक उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि इन संसाधनों का उपयोग विज्ञान एवं गणित की कक्षाओं में किस प्रकार प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

### कैथल जिले के इन 20 सरकारी विद्यालयों में स्थापित है अटल टिंकरिंग लैब

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाई
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अगोंध
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ढाण्ड
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टयोंठा
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पट्टी अफगान
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कांगथली
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टीक
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भाना
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंदाना
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शेरगढ़
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खेड़ी गुलाम अली
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुहला
- आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोंगरी
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चौशाला
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लदाना चक्कू
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरका
- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैथल
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुराड़
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डुंडवा कौलेखा

### विद्यार्थियों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को किया जाएगा विकसित: सुशील कुमार

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने का एक सशक्त मंच है। इन लैबों के माध्यम से छात्र-छात्राएं रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, कोडिंग, 3डी प्रिंटिंग तथा डिजाइन थिंकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को परियोजना आधारित शिक्षण, नवाचार एवं अनुसंधान गतिविधियों से जोड़ेंगे, जिससे सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नया आयाम मिलेगा।

## कल जींद से विकसित हरियाणा के नए युग का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा हरियाणा के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा को नई दिशा देंगे। ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा राष्ट्रीय महत्व की अनेक विकास परियोजनाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। इससे पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा भविष्य की हरित परिवहन व्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### दक्षिण हरियाणा को स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी सौगात

कमलेश ढांडा ने बताया कि प्रधानमंत्री भिवानी एवं नारनौल मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से दक्षिण हरियाणा के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए मेडिकल शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में निर्मित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के उद्घाटन से वर्षों पुरानी रेल फाटकों पर लगने वाले जाम की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगा।

## रेलवे ने स्टेशन पर सेल्फी प्रतियोगिता चलाई, प्रधानमंत्री करेंगे सम्मानित

- जींद व नरवाना जंक्शन की बिल्डिंग का उद्घाटन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जींद व नरवाना जंक्शन की बिल्डिंग का उद्घाटन 17 जुलाई को होने जा रहा है। दोनों जंक्शन की नई बिल्डिंग पर 43 करोड़ रुपये की लागत खर्च की गई है। जींद जंक्शन की बिल्डिंग पर लगभग 25 करोड़ व 18 करोड़ नरवाना रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग पर खर्च किए गए हैं। दोनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी 17 जुलाई को करेंगे। ऐसे में रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुकाबला सेल्फी का प्रतियोगिता शुरू की है। यह प्रतियोगिता 15 व 16 जुलाई को चलेगी। इसमें श्रेष्ठ प्रतिभागी सम्मानित होंगे। विजेता तस्वीरें दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे के इटरनेट मीडिया पर प्रकाशित की जाएगी। इसमें शामली, मोदी नगर व नरवाना जंक्शन स्टेशन के साथ अपनी एक आकर्षक सेल्फी लेनी होगी। सेल्फी में स्टेशन का नाम स्पष्ट दिखना चाहिए। इसमें रचनात्मकता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। सेल्फी को रचनात्मक कैप्शन और हैशटैग के साथ इंटरनेट मीडिया जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक व एक्स हेंडल पर पोस्ट करना होगा। एक्स हेंडल व इंस्टाग्राम पर अपनी सेल्फी शेयर करते समय एट द रेट अंडरस्केयर दिल को टैग करें। फेसबुक पर अपनी सेल्फी शेयर करते समय ए द रेट दिल्ली डिवीजन नोर्दन रेलवे को टैग करें। श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को 17 जुलाई को सम्मान समारोह के मंच पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### श्याम बाल वाटिका के छात्र ने बढ़ाया नरवाना का मान



**नरवाना।** मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस बात को सच साबित कर दिखाया है श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल, नरवाना के होनहार पूर्व छात्र शेख अशफ़ाक़ हुसैन ने, जिन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान की सहायता लिए केवल सेल्फ स्टडी और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी रुड़की में प्रवेश प्राप्त किया। नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में अध्ययन करने वाले शेख अशफ़ाक़ हुसैन ने कक्षा बारहवीं की परीक्षा 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने संयुक्त जेईई मेन्स में 99.6 प्रतिशत तथा जेईई एडवांस में अखिल भारतीय रैंक 4691 प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक कृष्ण अरोड़ा एवं ज्योति अरोड़ा ने उन्हें सम्मानित किया।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर किया जागरूक

**राजौंद।** गांव खेड़ी सिंबल वाली के राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कसान सर्कल की सुपरवाइजर सावित्री देवी और नीलम के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत समाज को जागरूक करना रहा।इस दौरान सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना,भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने राजौंद की स्वर्ण पदक विजेता शगनदीप का उदाहरण देते हुए बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### वेदांता स्कूल के ईको क्लब का हरित अभियान 200 से अधिक पौधों को लगाया



**नरवाना।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करने और हरित भविष्य की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द में ईको क्लब के तत्वावधान में वार्षिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान ईको क्लब के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ 200 से अधिक पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या वीणा दारा ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं।

## स्वच्छ वातावरण समाज को बनाता है सुंदर, स्वस्थ और विकसित : सुभाष चंद्र



कैथल में स्वच्छता अभियान चलाते स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र तथा ज्योति सैनी

**कैथल।** नगर परिषद कैथल द्वारा स्वच्छता ही स्वागत है अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड नंबर-6 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ-साथ नागरिकों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इनके अलावा बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी, एडवोकेट शक्ति सौदा तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्य उपस्थित रहे। स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमें बीमारियों से बचाता है, बल्कि समाज को सुंदर, स्वस्थ और विकसित भी बनाता है।

## अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों ने 24 सूत्रीय मांगों को लेकर भरी हुंकार, कल विज का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की संगठनात्मक बैठक उचाना सब डिवीजन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिवीजन सचिव मेहर सिंह श्योकंद ने की, जबकि मंच संचालन सचिव नरेंद्र रेढ़ू ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा और कार्यालय सचिव लोकेश मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। नरवाना डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि बिजली विभाग में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। वर्ष 2021 से 2026 तक लगातार पांच वर्षों से सेवाएं देने वाले अनेक कर्मचारियों के वेतन में आज तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। जिला सचिव योगेश शर्मा ने कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज 24 सूत्रीय मांगों का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को अंबाला में बिजली मंत्री अनिल विज के घेराव के लिए जींद जिले से 600 से अधिक अनुबंधित कर्मचारी कूच करेंगे।

### मेहर सिंह श्योकंद को अध्यक्ष बनाया

बैठक में सर्वसम्मति से उचाना सब डिवीजन की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें मेहर सिंह श्योकंद को अध्यक्ष, प्रवीण श्योकंद को उपाध्यक्ष, महेंद्र नापा को सचिव, राममेहर मोर को सह-सचिव, राम शर्मा को कोषाध्यक्ष, मनोज श्योकंद को संगठनकर्ता, नरेंद्र रेढ़ू को सलाहकार तथा बाबी चहल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र श्योकंद, जिला सचिव योगेश शर्मा, मीडिया प्रभारी बिल्लू दहिया, नरवाना डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव मेहर सिंह, नरवाना सब डिवीजन अध्यक्ष धर्मबीर श्योकंद, सचिव सुनील कुमार, गढ़ी सब डिवीजन सचिव संदीप चोपड़ा, सुमित, सिटी सब डिवीजन से अशोक शामदो, प्रदीप, अमित, नरेश, सुमित, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत राजौंद में सफाई अभियान, घर-घर बांटे गए डस्टबिन

**राजौंद।** हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिका राजौंद द्वारा 13 जुलाई से 19 जुलाई तक चलाए जा रहे "स्वच्छता ही स्वागत" अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड नंबर 3 व 4 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आईईसी गतिविधियों के तहत रेहड़ी-फड़ी संचालकों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने के लिए दो-दो डस्टबिन वितरित किए गए। इस मौके पर नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता अश्वनी कुमार, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, म्युनिसिपल कोऑर्डिनेटर, लिपिक प्रीति, मोटिवेटर कुलविंदर कौर व कुसुम, तकनीकी सहायक मुस्कान शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सचिन, जॉनी राणा, संजय राणा, विजेंद्र सिंह, वीरेंद्र राणा व कमल राणा अभियान में शामिल हुए। नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन की भागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**पहल** एचपीसीएल के 52वें स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

## वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : सुनील रेढ़ू

**जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि और स्टाफ सदस्य।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के 52वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सालासर फिलिंग स्टेशन के संचालक मनीष कुंडू और आर्यन रेढ़ू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। हाईटेक सिक्योरिटी के संचालक सुनील रेढ़ू ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और लगातार कम हो रहे हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। सालासर फिलिंग स्टेशन के संचालक मनीष कुंडू और आर्यन रेढ़ू ने कहा कि एचपीसीएल का स्थापना दिवस केवल एक संस्थागत उपलब्धि का अवसर नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का भी अवसर है।

इसी सोच के साथ स्थापना दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि लगाए गए पौधों की सही तरीके से देखभाल की जाए तो वे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर समाज और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी साबित होंगे। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण अभियानों से जुड़ें और अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। एचपीसीएल के 52वें स्थापना दिवस पर आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया गया।

### बारकोड युक्त डिजिटल लाइब्रेरी की हुई शुरुआत

**पूंडरी।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, पूंडरी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और आधुनिक कदम बढ़ाते हुए अपनी लाइब्रेरी में बारकोड युक्त डिजिटल प्रणाली की शुरुआत की है। इस अभिनव पहल का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पुस्तकालय सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल, व्यवस्थित और अधिक प्रभावी बनाना है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी एवं पुस्तकालय उपयोगकर्ता को एक यूनिक बारकोड युक्त डिजिटल लाइब्रेरी पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहचान पत्र पर अंकित बारकोड के माध्यम से पुस्तकालय सदस्य की पहचान, पुस्तक जारी करना, पुस्तक वापसी, रिकॉर्ड का रखरखाव तथा अन्य सभी पुस्तकालय सेवाएं तेज, सरल और पारदर्शी ढंग से संचालित की जा सकेंगी।